# डॉ. वाई एस परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन जिला सिरमौर हि. प्र.|

**क्रमांक HFW-N/DYSPGMC/SS/Quotation/Fest (25-26)/2025-** 4054 **दिनाँक, नाहन**

DR. Y.S.P.GOVT. MEDICAL COLLEGE
18 OCT 2025
NAHAN (SIRMAUR) H.P.-173001

प्रेषित

________________________

________________________

________________________

**विषय: -** **वार्षिक उत्सव हेतु किराये पर परिधानों(ड्रेसेस) के लिए कोटेशन आमंत्रण पत्र|**

महोदय/ महोदया,

इस चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय आयोजित किये जाने वाले प्रस्तावित वार्षिक उत्सव (2025-26) के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं औपचारिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु उच्च गुणवत्ता के, स्वच्छ सही फिटिंग वाले और उत्तम स्थिति में किराए पर परिधानों (ड्रेसेस) के लिए अनुभवी एवं सक्षम विक्रेताओं/ फर्म/ कंपनी से **इस पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र पर सील बंद लिफ़ाफ़े में कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं|** कार्य से सम्बन्धित सभी विवरण, मानक, गुणवत्ता मापदंड और शर्तें निम्नलिखित प्रकार से हैं : -

**कार्य का विवरण: -**

विभिन्न श्रेणियों के परिधानों की किराए पर आपूर्ति करनी होगी जिसमें पारंपरिक, पश्चिमी, औपचारिक, एथनिक और थीम आधारित परिधान शामिल हैं| फर्म/ कंपनी को इस श्रेणी में विविधता और गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी|

**मानक गुणवत्ता मापदंड: -**

- सभी परिधानों को स्वच्छ, बिना कट-फट, दाग-धब्बे, या गंदगी से मुक्त और उपयोग के लिए तैयार स्थिति में होना चाहिए|
- प्रत्येक परिधान की सिलाई और फिनिशिंग उच्च मानक की होनी चाहिए|

**जमा करने व खोलने की प्रक्रिया: -**

- सीलड कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि **07/11/2025** व समय **03:00 PM** तक होगा|
- सीलड कोटेशन डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उक्त: तिथि तथा समय तक निम्न पते पर जमा की जा सकती हैं|
  **(संयुक्त निदेशक, कार्यालय डॉ. वाई एस परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन जिला सिरमौर हि. प्र. 173001|)**
- सील बंद लिफ़ाफ़े के ऊपर स्पष्ट शब्दों में **" Quotation for Anual Fest Dresses"** अंकित किया हुआ होना अति आवश्यक हैं|
- सीलड कोटेशन क्रय समिति के सदस्यों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनाँक **07/11/2025** को **04:00 PM** बजे खोली जायेगी, जो कि आवश्यकता पड़ने या प्रशासनिक कारण से आगे भी बढ़ाई जा सकती हैं|

**दर चयन का आधार: -**

- दरों का चयन गुणवत्ता मानकों की पालना सुनिश्चित करते हुए आवश्यक सामग्री तथा सेवाओं की सबसे कम संयुक्त दरों **(Lowest overall total rates) के आधार पर L-1** विक्रेता/ फर्म का चयन किया जायेगा| आंशिक कोटेशन स्वीकार नहीं किये जायेंगे|
- चयनित दरें आगामी तीन माह की अवधि तक मान्य होंगी, अथवा सेवाएँ संतोषजनक पाए जाने पर आपसी सहमति से अनुबंध को आगे भी बढ़ाया जा सकता है|

**महत्वपूर्ण नियम एवम् शर्तें: -**

- उद्धृत दरें (Quoted Rates) आगामी तीन माह तक वैध होगी|
- कोटेशन उपरोक्त निर्धारित तिथि तथा समय के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी|
- कोटेशन जमा करने के पश्चात् उसमें किसी भी प्रकार का कोई संशोधन मान्य नहीं होगा|
- उद्धृत सभी दरें समावेशी होनी चाहिए, जिसमें आपूर्ति परिवहन, सरकार द्वारा निर्धारित करों (SGST/CGST) की लागत शामिल होनी चाहिए, इसके अतिरिक्त कोई शुल्क देय नहीं होगा|

- आवश्यक सभी परिधान की आपूर्ति कॉलेज प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथि, समयावधि व स्थान पर तत्काल करनी होगी।
- वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार मात्रा बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
- कार्यक्रम के समाप्ति के उपरान्त सभी परिधानों के पिकअप की जिम्मेवारी सम्बन्धित फर्म/ कंपनी की होगी।
- परिधानों का डिजाईन मौजूदा फैशन के अनुरूप तथा कार्यक्रम के उद्देश्य और थीम के अनुसार होना चाहिए।
- यदि परिधान कार्यक्रम के दौरान अस्वीकृत या खराब हो जाते हैं तो सम्बंधित फर्म/ कंपनी को तत्काल प्रतिस्थापन करना होगा, और कार्यक्रम के समाप्ति तक सभी परिधानों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।
- प्रत्येक परिधान को पहले से प्रेस किया हुआ, अच्छी तरह से पैक किया हुआ और किसी भी प्रकार की गंदगी/ मुड़ने या फटने से बचाने के लिए अच्छी स्थिति में प्रस्तुत करना होगा।
- अगर आयोजक विशेष कस्टम डिजाईन या रंग की मांग करते हैं, तो सम्बन्धित फर्म/ कंपनी को समय रहते अनुरोधों का पालन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा की विशेष आवश्यकताएं पूर्ण हो रही हो।
- भुगतान कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के पश्चात बिल सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त स्वीकृत राशि के अनुरूप ही आगामी कार्य दिवसों में किया जाएगा।
- कार्य करने हेतु भुगतान के रूप में किसी भी प्रकार की अग्रिम राशि नहीं दी जाएगी।
- अधोहस्ताक्षरी को किसी भी कारण से कोटेशन को रद्द करने या किसी भी फर्म/ कंपनी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
- कोटेशन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अधोहस्ताक्षरी अथवा कॉलेज प्रशासन का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।
- कोटेशन से सम्बन्धित किसी भी विवाद की स्थिति में, विवाद का समाधान कॉलेज प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में होगा।

**संयुक्त निदेशक,**
**डॉ. वाई एस परमार रा. चि. म. नाहन।**

**पृष्ठांकन संख्या यथोपरि** **दिनाँक, नाहन,**

**प्रतिलिपिः -**

1. सम्बन्धित सहायक, वेबसाइट, डॉ. वाई. एस. परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन जिला सिरमौर को आदेश दिए जाते हैं कि आप व्यापक प्रचार हेतु इस कोटेशन आमन्त्रण पत्र को इस संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करे तथा इसके प्रमाण के स्वरुप में अपलोडेड डॉक्यूमेंट के स्क्रीनशॉट की प्रति कार्यालय रिकॉर्ड के लिए छात्र अनुभाग में उपलब्ध करवाएं।

**संयुक्त निदेशक,**
**डॉ. वाई एस परमार रा. चि. म. नाहन।**

**वार्षिक उत्सव में आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक एवं अन्य औपचारिक कार्यक्रमों के लिए ड्रेस्स एवं प्रॉप्स हेतु निविदा प्रपत्र।**

फर्म/ कंपनी का नाम: ____________________

फर्म/ कंपनी का पता: ____________________

फर्म/ कंपनी का संपर्क न: ____________________

| क्रम संख्या | विवरण | प्रति यूनिट दर (रुपयों में ) | अनुमानित आवश्यक मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | Bhangra Dress (Boys) | | 10 |
| 2 | Bhangra Dress (Girls) | | 10 |
| 3 | Nati Dress (Boys) | | 15 |
| 4 | Nati Dress (Girls) | | 15 |
| 5 | Garba Dress (Boys) | | 10 |
| 6 | Garba Dress (Girls) | | 10 |
| 7 | Ganesh Vandana Dress | | 15 |
| 8 | Haryanvi Dress (Boys) | | 12 |
| 9 | Haryanvi Dress (Girls) | | 12 |
| 10 | Rajsthani Dress (Boys) | | 15 |
| 11 | Rajsthani Dress (Girls) | | 15 |
| 12 | Skit Dress (Girls) | | 10 |
| 13 | Skit Dress (Boys) | | 10 |
| 14 | Western dance Dress (Girls) | | 5 |
| 15 | Western dance (Boys) | | 5 |
| 16 | Mahabharat Dance (Girls) | | 5 |
| 17 | Mahabharat Dance (Boys) | | 5 |
| 18 | Props (Dandiya) | | 20 pair |
| 19 | Props (Kainchi) | | 20 |
| 20 | Props (Daang) | | 20 |
| 21 | Talwar | | 2 |
| 22 | Shield | | 2 |
| 23 | Bow and Arrow | | 1 |
| 24 | India Mace (Gada) | | 1 |

दर GST सहित होनी चाहिए।

1. मैं/ हम यह प्रमाणित करते है कि सभी जानकारी सही और सत्य हैं।
2. वार्षिक उत्सव के आयोजन के लिए टेंट, डेकोरेशन, फर्नीचर, मैटिंग, लाईटिंग एवं अन्य आवश्यक सेवाओं का कार्य कॉलेज द्वारा दिए गए गुणवत्ता मानकों और कार्यादिश के अनुसार ही किया जाएगा।
3. निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने की पूरी जिम्मेवारी मेरी/ हमारी फर्म कंपनी की होगी।
4. कार्य में किसी भी कमी के लिए मैं/ हम उत्तरदायी होंगे।
5. भुगतान केवल कार्य पूर्ण होने के बाद ही स्वीकार्य है।

हस्ताक्षर ____________________

तिथि ____________ अधिकृत व्यक्तियों/ फर्म/ कंपनी का नाम ______

स्थान ____________ मोहर ____________________

सेवा में
संयुक्त निदेशक,
कार्यालय डॉ. वाई. एस. परमार रा. चि. म.
नाहन जिला सिरमौर हि. प्र.।